तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 40.5° | 20.0° |
| इंदौर | 39.8° | 22.8° |
| जबलपुर | 39.6° | 18.4° |
| ग्वालियर | 40.0° | 19.0° |

# दैनिक नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 128, पृष्ठ 12)
सोमवार 7 अप्रैल 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये



**राजधानी...** मैहर में होगा माँ शारदा लोक का निर्माण...


**खेल...** इस युग में द्रविड सर जैसे खिलाड़ी का साथ होना सौभाग्य...


**व्यापार...** आरबीआई की समीक्षा बैठक के फैसले पर रहेगी...


**देश-विदेश...** कुत्ते को बचाने के लिए 6 फीट लंबे मगरमच्छ...

www.naiduniaonline.com

प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में पंबन पुल, रेल परियोजनाओं का किया उद्घाटन,कहा

# पिछली सरकार की तुलना में पिछले 10 वर्षों में अधिक धनराशि दी गई

रामेश्वरम (एजेंसी)।

**तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम के बार-बार दोहराए जाने वाले आरोप कि केंद्र ने कुछ नहीं किया और तमिलनाडु की अनदेखी की गयी को खारिज करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पिछले 10 वर्षों में राज्य को अधिक धनराशि आवंटित की है।**



श्री मोदी ने नए प्रतिष्ठित पंबन रेल ब्रिज का उद्घाटन करने और 8,300 करोड़ रुपये की नई सड़क और रेल परियोजनाओं को लॉन्च करने के बाद उन्होंने कहा कि पिछली सरकार की तुलना में आवंटन में तीन गुना वृद्धि हुई है, जबकि रेलवे परियोजना के लिए आवंटन 10 वर्षों में सात गुना बढ़ा है। उन्होंने राज्य सरकार से क्षेत्रीय भाषा तमिल में चिकित्सा पाठ्यक्रम शुरू करने की भी अपील की। तमिल में%वणक्कम (स्वागत) के साथ अपने भाषण की शुरुआत करते हुए, श्री मोदी ने लोगों से रामनवमी के शुभ अवसर पर %जय श्री राम% का नारा लगाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विशेष दिन और रामनवमी के शुभ अवसर पर रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करके उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ और उन्हें तमिलनाडु में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए 8,300 करोड़ रुपये की रेल और सड़क परियोजनाओं को सौंपने का अवसर मिला।भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की इस भूमि पर विज्ञान और अध्यात्म एक दूसरे के पूरक हैं। इसी तरह नया पंबन पुल, रामेश्वरम के लिए पहला वर्टिकल ब्रिज, प्रौद्योगिकी और परंपरा को एक साथ लाता है। उन्होंने कहा कि पंबन ब्रिज देश का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज है। बड़े जहाज चल सकेंगे, ट्रेनें नए पंबन ब्रिज पर तेजी से यात्रा कर सकेंगी। पंबन सी ब्रिज मुख्य भूमि और रामेश्वरम द्वीप के बीच रेल संपर्क प्रदान करेगा और इस आध्यात्मिक गंतव्य से कनेक्टिविटी में सुधार करेगा, जहां पूरे देश और विदेश से श्रद्धालु साल भर आते हैं। उन्होंने कहा कि इस नयी पुल सेवा से रामेश्वरम से चेन्नई और देश के अन्य भागों तक सम्पर्क में सुधार होगा, जिससे व्यापार और पर्यटन दोनों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस नयी पुल सेवा से रामेश्वरम से चेन्नई और देश के अन्य भागों तक संपर्क में सुधार होगा, जिससे व्यापार और (शेष पेज 2 पर)

## राम सेतु का किया हवाई दर्शन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को श्रीलंका से लौटते समय राम सेतु का हवाई दर्शन किया और इसे दैवीय संयोग बताया, क्योंकि आज ही भगवान राम का जन्मदिन रामनवमी मनाया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भगवान राम सभी को जोड़ने वाली शक्ति हैं। श्री मोदी ने श्रीलंका से लौटते समय तमिलनाडु के मंडपम में उतरने से पहले नौसेना के हेलीकॉप्टर से राम सेतु के दर्शन किए। रामायण के अनुसार, राम सेतु का निर्माण रामेश्वरम समीप धनुषकोडी से शुरू हुआ था, जहां से भगवान राम पत्नी सीता को रावण से बचाने के लिए श्रीलंका गए थे। एडम ब्रिज, जिसे राम ब्रिज या राम सेतु के नाम से भी जाना जाता है, भारत के तमिलनाडु के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित पंबन द्वीप, जिसे रामेश्वरम द्वीप के नाम से भी जाना जाता है, और श्रीलंका के उत्तर-पश्चिमी तट पर स्थित मन्नार द्वीप के बीच प्राकृतिक चूना पत्थर की एक श्रृंखला है।

वक्फ बोर्ड पर नियंत्रण नहीं चाहती सरकार

# कानून के अनुसार कामकाज सुनिश्चित होना चाहिएः नड्डा

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं कर रही हैं, बल्कि सरकार का लक्ष्य बस यह सुनिश्चित करना है कि इसे प्रबंधित करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और स्थापित नियमों का पालन करें।**



श्री नड्डा ने रविवार को भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी मुख्यालय में ध्वाजारोहण करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम भाजपा का 46वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। मेरी ओर से और पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से आप सभी को स्थापना दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आज राम नवमी भी है, आप सभी को राम नवमी की भी बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस विश्वास से प्रेरित होकर पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था कि एक देश, दो कानूनों और दो संविधानों के तहत काम नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हमारी यात्रा 1951 में शुरू हुई, और 1953 में उन्होंने सत्याग्रह में भाग लिया तथा श्रीनगर की जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी माँ द्वारा उनकी मृत्यु की जांच के लिए अपील के बावजूद श्री नेहरू ने उनके अनुरोध को नज़रअंदाज़ कर दिया। हालाँकि, हमारे समर्पित कार्यकर्ताओं ने लड़ाई को आगे बढ़ाने की कसम खाई। उन्होंने कहा कि हमें याद रखना चाहिए कि 1951 में भारतीय जनसंघ के रूप में हमारी राजनीतिक आंदोलन की यात्रा शुरू हुई। राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए 1977 में कुछ समय के लिए हम जनता पार्टी में शामिल हुए और 1980 में अपने वैचारिक वैशिष्ट्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में इस आंदोलन को आगे बढ़ाया। उन्होंने वक्फ संशोधन कानून का उल्लेख करते हुए कहा कि हम वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य बस यह सुनिश्चित करना है कि इसे प्रबंधित करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और स्थापित नियमों का पालन करें। वक्फ बोर्ड की संपत्ति और धन मुस्लिम समुदाय के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शाह बानो मामले में राजीव गांधी सरकार मुस्लिम समुदाय के कुछ वर्गों के दबाव में आकर तुष्टिकरण की राजनीति के आगे झुक गई। उच्चतम न्यायालय द्वारा मुस्लिम महिलाओं की मुक्ति का आह्वान करने के बावजूद किसी में निर्णायक कार्रवाई करने का साहस नहीं था। दिलचस्प बात यह है कि अधिकांश मुस्लिम बहुल देशों ने पहले ही तीन तलाक की प्रथा को समाप्त कर दिया था, फिर भी यह (शेष पेज 2 पर)

## खास-खबरें

### शाह के दौरे के मद्देनजर जम्मू में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**जम्मू (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर रविवार शाम यहां पहुंचेंगे, जिसके मद्देनजर जम्मू जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सूत्रों ने बताया कि श्री शाह शाम को यहां पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि अपने आगमन के तुरंत बाद, वह पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों के साथ बैठक करेंगे और विधानसभा के बजट सत्र और राजनीतिक मोर्चे पर हो रहे अन्य घटनाक्रमों के बारे में उनकी राय लेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री शेखावत डी.लिट की उपाधि से नवाजे जाएंगे

**उदयपुर (एजेंसी)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय उदयपुर में 11 अप्रैल को आयोजित होने वाले 20वों दीक्षांत समारोह में केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत को डी. लिट की उपाधि प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि विश्वविद्यालय के डबोक स्थित एग्रीकल्चर महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किये जाने वाले दीक्षांत समारोह में सार्वजनिक क्षेत्रों में किए गये नवाचारों को लेकर श्री शेखावत को डी.लिट की उपाधि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर श्री शेखावत विश्वविद्यालय के पीएचडी धारको को उपाधियॉ एवं स्नातक-स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे।

# नक्सलियों के खिलाफ जारी लड़ाई को कमजोर नहीं होने देना हैः शाह

**रायपुर (एजेंसी)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने शनिवार देर रात दिल्ली रवाना होने के पूर्व छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वामपंथी उग्रवाद की स्थिति पर विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।**



बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक, केन्द्रीय गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सीमा सुरक्षा बल और भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के महानिदेशक, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद के समूल नाश में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 से पहले ही छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में नक्सलवाद एक इतिहास बन जाएगा। श्री (शेष पेज 2 पर)

# भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की : बिरला

**नई दिल्ली /ताशकंद (एजेंसी)। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीय संसद ने न्याय और कानून के शासन को प्राथमिकता देते हुए कई कदम उठाए हैं, कहा कि 'भारतीय दंड संहिता' के स्थान पर 'भारतीय न्याय संहिता' लागू करके भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है।**



श्री बिरला ने भारत के संविधान की समावेशी और कल्याणकारी प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उल्लेख किया कि भारतीय संविधान की भावना सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करना एवं उन्हें समान अधिकार प्रदान करना है। साथ ही समान अवसर प्रदान करना, तथा समाज के हाशिए पर पड़े और पिछड़े वर्गों को 'प्रगति की मुख्यधारा' में एकीकृत करना भी है। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की ऐतिहासिक 150वीं सभा में सामाजिक विकास और न्याय के लिए संसदीय कार्रवाई पर मुख्य भाषण देते हुए श्री बिरला ने कहा कि हाल के वर्षों में, भारतीय संसद ने कई ऐसे कानून पारित किए हैं जो सामाजिक न्याय और सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं तथा समाज के सभी वर्गों को शामिल करने को प्रोत्साहित करते हैं। समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए संसद की चिरस्थायी चिंता का उल्लेख करते हुए, उन्होंने (शेष पेज 2 पर)

# राष्ट्र प्रथम भाव के साथ सेवा, सुशासन और जन कल्याण को समर्पित है भाजपा

**गोरखपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस पर कहा कि सत्तारूढ़ दल 'राष्ट्र प्रथम' के भाव के साथ सेवा, सुशासन और जन कल्याण को समर्पित है।



मुख्यमंत्री योगी ने एक्स 'पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्र प्रथम भाव के साथ सेवा, सुशासन और जन-कल्याण को समर्पित भारतीय जनता पार्टी का ध्वज मेरा गौरव, मेरी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आज (रविवार को) भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर मेरा सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान है कि अपने घर/कार्यालय पर भाजपा के ध्वज को फहराएं और भाजपा विकास भारत के साथ अपनी तस्वीर साझा करें। योगी ने कहा कि यह भाजपा के उन सभी महान विभूतियों को श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी ने भाजपा के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया।

# डल्लेवाल ने अनशन तोड़ा

**चंडीगढ़(एजेंसी)।** पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने रविवार को अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल समाप्त कर दी, जो उन्होंने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी सहित प्रमुख किसान मांगों को लेकर पिछले साल नवंबर में शुरू की थी।



उन्होंने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में स्थित सरहिंद में आयोजित किसान महापंचायत में यह घोषणा की। डल्लेवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप (किसानों) ने मुझसे आमरण अनशन खत्म करने को कहा है। आंदोलन की देखभाल के लिए मैं आपका ऋणी हूं। मैं आपकी भावनाओं का सम्मान करता हूं। मैं आपका आदेश स्वीकार करता हूं। उनका यह फैसला केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा उनसे आमरण अनशन खत्म करने का आग्रह करने के एक दिन बाद आया है। डल्लेवाल संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के संयुक्त मंच के वरिष्ठ नेता हैं।

# अयोध्या में धूमधाम से मनाया गया रामलला विराजमान का जन्मोत्सव



**अयोध्या (एजेंसी)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का जन्मोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया। भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी। हरषित महतारी, मुनि मनहारी अद्भुत रूप विचारी ।। की चौपाई के साथ भव्य और दिव्य राम मंदिर में श्रीरामलला का प्रतीकात्मक रूप से जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ठीक बारह बजे दोपहर रामलला को दूध से स्नान कराने के बाद वस्त्र पहनाकर जन्मोत्सव मनाया गया। रामलला के वैज्ञानिकों द्वारा भगवान सूर्य की किरणों से तिलक, अभिषेक कराया गया। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया। भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। यह लगभग चार मिनट तक तिलक किया गया। रामलला के जन्म पर अयोध्या के मंदिरों में बधाई व सोहर गीत शुरू हो गये। जगह-जगह पटाखे दगने लगे। घंटे, घड़ियालों व शंख की करतल ध्वनि के बीच श्रीरामलला प्रकट हुए। उसके बाद पूरा वातावरण भगवान श्रीराम के नाम से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर बधाई, सोहर गीत, प्रसाद वितरण आदि का सिलसिला जारी रहा। पूरी अयोध्या नगरी दुल्हन की तरह सजायी गयी है।

# बेगूसराय में युवा साथियों से मिलूंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह सोमवार को बिहार के बेगूसराय में युवाओं से मिलेंगे और पलायन तथा बेरोजगारी के विरुद्ध उनके संघर्ष में शामिल होंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया है कि वे बेगूसराय में हो रही इस आंदोलन में सफेद टी-शर्ट पहनकर शामिल हों और सरकार पर पलायन रोकने और उन्हें नौकरी देने की अपनी मांगों के लिए दबाव बनाएं। राहुल गांधी के बेगूसराय यात्रा को लेकर एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र यादव ने रविवार को प्रेस वार्ता कर पदयात्रा के बारे में पूरी जानकारी दी. वरुण चौधरी ने कहा कि पलायन रोको नौकरी दो यात्रा पर कन्हैया कुमार पदयात्रा कर रहे हैं। इसमें राहुल गांधी भी शामिल होंगे और 11 अप्रैल को यह पदयात्रा फर्स्ट पेज का पटना में समाप्त होगा।



**स्पेशल खबर** *म्यांमार के भूकंप पीड़ितों के लिए...*

# 405 टन चावल लेकर पहुंचा नौसेना का जहाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)। भूकंप से प्रभावित म्यांमार की सहायता के लिए भारत सरकार का ऑपरेशन ब्रह्मा जारी है। भारतीय नौसेना का कहना है कि भारत की ओर से 405 टन चावल सहित 442 टन राहत सामग्री की एक नई खेप लेकर नौसेना का जहाज म्यांमार के शहर यांगून पहुंच चुका है।**



रविवार को इस विषय में जानकारी देते हुए नौसेना ने बताया कि नौसैनिक जहाज आईएनएस घड़ियाल 405 टन चावल सहित 442 टन राहत सामग्री के साथ 5 अप्रैल को यांगून पहुंचा है। यह राहत सामग्री भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने यांगून क्षेत्र के मुख्यमंत्री यू सोई थीन को सौंपी है। म्यांमार में प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए नौसेना ने अभी तक 512 टन से अधिक राहत सामग्री पहुंचाई है। हिंद महासागर क्षेत्र में प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में, भारतीय नौसेना के जहाजों द्वारा बड़े पैमाने पर राहत सामग्री पहुंचाना, म्यांमार में प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। गौरतलब है कि म्यांमार में 28 मार्च को विनाशकारी भूकंप आया था। इसके बाद से भारत सरकार ने म्यांमार के लोगों की मदद के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया। ऑपरेशन ब्रह्मा के अंतर्गत एक अप्रैल को नौसेना के जहाज घड़ियाल को चावल, खाद्य तेल और दवाओं सहित करीब 442 टन राहत सामग्री के साथ म्यांमार के लिए रवाना किया गया था। वहीं, एक अप्रैल को म्यांमार में प्रभावित लोगों की मदद के लिए भारतीय नौसेना के दो अन्य जहाज 30 टन राहत लेकर म्यांमार के यांगून पहुंचे थे। भारत सरकार के ऑपरेशन ब्रह्मा के अंतर्गत यह मदद पहुंचाई गई है।